सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

क्रमांकःएफ2(1222)/सूप्रौ/संस्था/12/ 03173/2022 जयपुर, दिनांकः 12/05/2022

## कार्यालय आदेश

विभागीय समसंख्यक पदोन्नति आदेश क्रमांक 03153/2022 (Non-TSP) एवं 03152/2022 (TSP) दिनांक 12.05.2022 के द्वारा सूचना सहायक से सहायक प्रोग्रामर के पद पर पदोन्नत सहायक प्रोग्रामर्स को पदोन्नति उपरान्त पदस्थापन आदेश जारी होने तक अस्थाई रूप से निम्नानुसार पदस्थापित किया जाता हैः–

(अ) जो सूचना सहायक विभागीय पुर्नगठन आदेश एफ2(6761)सूप्रौ/संस्था/15/ 01792/2022 दिनांक 10.03.2022 के द्वारा संबंधित विभाग में सूचना सहायक के स्वीकृत पद के विरूद्ध पदस्थापित हैं वे अपने वर्तमान पद को पदस्थापन आदेश जारी होने तक अस्थाई रूप से क्रमोन्नत मानते हुये पूर्व पदस्थापन स्थान पर पदोन्नति उपरान्त कार्यग्रहण करेंगे।

(ब) विभागीय पुर्नगठन आदेश एफ2(6761)सूप्रौ/संस्था/15/01792/2022 दिनांक 10.03.2022 के द्वारा सूचना सहायक के पद समाप्त किये जाने के फलस्वरूप विभागीय आदेश एफ2(6761)सूप्रौ/संस्था/15/पार्ट–10/02692/ 2022 दिनांक 20.04.2022 के क्रम में संबंधित विभाग में आदिनांक तक पदस्थापित हैं, वे पदस्थापन आदेश जारी होने तक संबंधित विभाग/कार्यालय में सहायक प्रोग्रामर के समकक्ष या उच्चतर रिक्त पद पर पदोन्नति उपरान्त कार्यग्रहण करेंगे।

(स) बिन्दु संख्या अ एवं ब में सम्मिलित नहीं हो पाने वाले कार्मिक सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, जयपुर में सहायक प्रोग्रामर के पद पर अपनी उपस्थिति देंगें।

**पदोन्नति पर वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण की तिथि से देय होगें।**

आज्ञा से,

12/05/2022

(संदेश नायक)
आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव